B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

PROF. DEVENDRA KUMAR
HEAD
EMAIL: drdgupta65@gmail.com
MOB. NO.: 9369445558
DATE: 18/09/2023

रसायन विभाग में एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर छात्रों का ओरिएण्टेशन प्रोग्राम

उदयातिथि की हरियाली तीज और गणेश चतुर्थी के क्षणों के शुभ अवसर पर बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज के रसायन विभाग में एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर छात्रों का ओरिएण्टेशन प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की वंदना, दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ । माँ शारदे की वंदना आशुतोष शुक्ला ने अपने सुमधुर स्वरों से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के प्रभारी प्रोफेसर संजीव शुक्ला थे जिनका स्वागत विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने डाइस पर आकर बटन दबाकर ओरिएण्टेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत शिल्पी मिश्रा ने कुमकुम, चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर किया। इस ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में सभी नव प्रवेशी छात्र, विभाग के समस्त शिक्षक, समस्त कर्मचारी गण मौजूद थे। प्रोफेसर डी. के. गुप्ता ने सभी के सामने विभाग का परिचय दिया। समस्त छात्रों ने भी एक एक करके अपना परिचय दिया।

प्रोफेसर संजीव शुक्ला जी ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उनके दायित्यों को भी कैसे निर्वाह किया जाए, इस पर भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रो. एन. के. अवस्थी, प्रो जी. के. मिश्रा, डॉ राजेश राम, डॉ इंद्रेश शुक्ला सभी ने समस्त बच्चों का विभाग में स्वागत करते हुए अपने ओजस्वी शब्दों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। एम.एस.सी तृतीय

B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

सेमेस्टर के आशुतोष शुक्ला, शिवांगी मिश्रा, आयुष मिश्रा और शिल्पी मिश्रा ने विभाग में अर्जित अनुभवों को बहुत ही सुंदर शब्दों से सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ चिंकि गंगवार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ललित प्रकाश गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में डॉ विजय शंकर, डॉ अभिषेक उपाध्याय, डॉ सुभाष चंद्र, श्री सुमित मौलेखी, श्री अमृत गोंड, डॉ रितु सांगवान सभी का सहयोग रहा। सभी बच्चों को विभाग द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY



B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

Prof. D.K. Gupta
(Head)